HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - गढमुक्तेश्वर **दिनांक 12.02.2025**

- **थाना गढमुक्तेश्वर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अल्प समय में थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव इनायतपुर निवासी संजय की हत्या की घटना में संलिप्त एक हत्यारोपी को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे/निशानदेही पर आलाकत्ल (डंडा व ईंट) बरामद।**
- **संजय की दूसरी पत्नी व उसके दोनों पुत्रों द्वारा सम्पत्ति के बटवारे को लेकर कहासुनी होने के दौरान संजय के सिर पर डंडे व ईंट से वार कर हत्या कर दी गई थी।**

कार्यवाही:-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढमुक्तेश्वर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाने के मु0अ0सं0 72/25 धारा 103(1) बीएनएस में नामजद/वांछित अभियुक्त को मस्तराम कुटी के पास कच्चा मेला रोड से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे/निशानदेही पर आलाकत्ल (डंडा व ईंट) बरामद हुई है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण:-

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि संजय ने मेरी मां नन्ही से शादी कर ली थी और अब हम संजय से सम्पत्ति में हिस्सा मांग रहे थे, लेकिन संजय हमे हिस्सा देने को मना कर रहा था और कह रहा था कि सम्पत्ति तो मैं अपने पहली पत्नी के बच्चों को ही

दूगां, इस बात पर घर में क्लेश चल रहा था। दिनांक 10.02.2025 को संजय ने मेरी मां व मेरे भाई सोनित व मुझसे सम्पत्ति में हिस्सा मांगने पर कहासुनी व गाली-गलौच करने लगा तब मेरी मां ने संजय को धक्का दे दिया जिससे वह खाट पर गिर गया तभी हमने डन्डे व ईट से संजय के सिर पर वार कर दिया जिससे उसका सर फट गया और संजय की मृत्यु हो गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

मोहित पुत्र विनोद निवासी ग्राम जल्लोपुर थाना रहरा जनपद अमरोहा।

बरामदगी का विवरणः-

आलाकत्ल (डन्डा व ईंट)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री नीरज कुमार थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री लोकेन्द्र कुमार थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
3. है0का0 545 सुमित चौहान थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
4. का0 599 अजय चाहर थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।